भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3422
उत्तर देने की तारीख 16.12.2024

कुंभकोणम महामगम उत्सव को राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में घोषित करना

3422. कु. सुधा आर. :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य को देखते हुए प्रसिद्ध कुंभकोणम महामगम उत्सव को राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम घोषित किया है क्योंकि इसे दक्षिण का कुंभ मेला कहा जाता है और वर्ष 2028 में 50 लाख श्रद्धालुओं के इसमें भाग लेने की उम्मीद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 12 वर्ष में एक बार होने वाले इस मंदिर उत्सव का कोई विशेष सांस्कृतिक प्रचार केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से किया जाएगा और वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले कुंभकोणम महामगम के लिए विशेष बजट आवंटित किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा 2028 में आयोजित होने वाले कुंभकोणम महामगम के लिए विशेष पैकेज, विशेष टीमें और विशेष प्रोमो किए जाएंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): कुंभकोणम कुम्भ मेले को वास्तव में महामहम उत्सव के नाम से जाना जाता है जो भगवान विष्णु के मंदिरों से संबंधित है और इसका आयोजन कुंभकोणम, तमिलनाडु में, 12 वर्ष में एक बार किया जाता है। यह हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ और स्नान उत्सव है जो विशेषकर, दक्षिण भारत से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है।

उत्तर भारत में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले से इसकी समानता होने के कारण महामहम पर्व को "तमिल कुम्भ मेला" कहा गया है। कुंभकोणम महोत्सव एक विशिष्ट आयोजन है जिसकी अपनी अनूठी परंपराएं और सांस्कृतिक महत्व है।

भारत सरकार द्वारा तंजावुर (तमिलनाडु) में दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एसजेडसीसी) की स्थापना की गई है जो तमिलनाडु सहित अपने सदस्य राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन करता है।

*****